राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
एयरपोर्ट बायपास रोड़, गांधी नगर (डिप्लोमा विंग), भोपाल 462033

क्रमांक / रागाप्रौवि / गोप / 2023 / 79 भोपाल दिनांक 06.03.2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त डिप्लोमा पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय – आगामी परीक्षा से डिप्लोमा प्रभाग के परीक्षा आवेदन पत्र पृथक–पृथक सेमेस्टर / वर्ष अनुसार विद्यार्थियों से भरवाए जाने एवं पुनर्मूल्यांकन हेतु भी सेमेस्टर / वर्ष अनुसार आवेदन पृथक किए जाने विषयक ।

पूर्व में डिप्लोमा प्रभाग के समस्त परीक्षा आवेदन पत्र जिसके अनुसार नियमित एवं एक्स विषयों हेतु एक ही परीक्षा आवेदन पत्र भरवाए जाते रहे हैं तथा परीक्षा परिणाम भी समस्त सेमेस्टर का एक साथ ही घोषित किया जाता रहा है । अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम उनके उच्च अध्ययन एवं रोजगार हेतु आवश्यक होता है, साथ ही पुनर्मूल्यांकन हेतु भी विद्यार्थी समस्त सेमेस्टरों मे केवल दो सैद्धांतिक विषयों में पुनर्मूल्यांकन तथा दो में पुनर्योग हेतु आवेदन कर सकते हैं ।

छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए आगामी परीक्षा से विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पृथक–पृथक सेमेस्टर / वर्षवार भरवाए जाएंगे अर्थात् नियमित एवं एक्स विषयों के लिए विद्यार्थी को अलग–अलग परीक्षा आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से भरवाना आवश्यक होगा । विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान परीक्षा के परीक्षा परिणाम सेमेस्टर / वर्षवार घोषित किए जा रहे हैं तथा किस्प को तत्काल सेमेस्टर अनुसार पुनर्मूल्यांकन के आवेदन पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया है । किस्प द्वारा सॉफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 10–15 दिन का समय लग सकता है । विश्वविद्यालय द्वारा अभी जो परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं, उनके पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किस्प द्वारा आवश्यक संशोधन उपरांत ही खोले जाएंगे, जिससे छात्र पृथक–पृथक सेमेस्टर में अधिक विषयों में पुनर्मूल्यांकन / पुनर्योग हेतु आवेदन कर लाभान्वित हो सके ।

आप अपनी संस्था के विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण सूचना से तत्काल अवगव करावें ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ.क्रमांक / रागाप्रौवि / गोप / 2023 / 80 भोपाल दिनांक 06.03.2023

प्रतिलिपि –

समस्त अधिकारी, डिप्लोमा प्रभाग, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डिप्लोमा प्रभाग की ओर सूचनार्थ ।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

Letter/confd.